सीसीटीएनएस/ई मेल/फैक्स

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

नवीन परिसर विधि विज्ञान प्रयोगशाला, महानगर लखनऊ–226006

पत्रांकः टीएस–सीसीटीएनएस–93/2015 दिनांकःलखनऊःअक्टूबर 07, 2017

सेवा में,

समस्त पुलिस अधीक्षक,
रेलवेज उत्तर प्रदेश।

विषय :– CIPA योजना के अन्तर्गत प्रदान किये गये कम्प्यूटर हार्डवेयर के अक्रियाशील होने के कारण जीआरपी स्तर व उक्त प्रयोजन हेतु तकनीकी सेवायें स्तर पर नये हार्डवेयर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया अवगत कराना है सीसीटीएनएस योजना प्रगति की समीक्षा में कतिपय जनपद प्रभारी द्वारा यह अवगत कराया है कि पूर्व में CIPA योजनान्तर्गत प्रदत्त किये गये कम्प्यूटर/हार्डवेयर क्रियाशील नहीं रह गये हैं। इस कारण सीसीटीएनएस योजना को पूर्ण रूप से लागू करने में असुविधा हो रही है।

4. उपरोक्त के निराकरण हेतु CIPA योजना के अन्तर्गत प्रदान किये गये कम्प्यूटर हार्डवेयर के अक्रियाशील होने के कारण जनपद को नये हार्डवेयर क्रय किये जाने के सापेक्ष बजट आवंटित किये जाना है।

5. उक्त हेतु 65 जीआरपी थाने हेतु प्रत्येक को 01 अदद कम्प्यूटर कुल–65 अदद कम्प्यूटर हार्डवेयर क्रय किया जाना है।

6. उपरोक्त क्रय प्रक्रिया को निम्न निर्देश के अनुरूप सम्पादित किया जाना हैः–

- निर्धारित स्पेशिफिकेशन संलग्नक–1 के अनुसार कम्प्यूटर को क्रय किया जायेगा।
- प्रति कम्प्यूटर की दर रू0 50,000/– (रू0 पचास हजार मात्र) अधिकतम निर्धारित है।

- क्रय की कार्यवाही में उत्तर प्रदेश शासन, उ0प्र0पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद व अन्य के दिशा निर्देश/एवं वित्तीय निर्देश एवं नियमों की अधीन क्रय नियमावली का पूर्णतः अनुपालन किया जाय।
- जेम पोर्टल पर सामग्री क्रय एवं सेवाओं की आपूर्ति हेतु दिशा–निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय, संलग्नक–2, 3
- जेम पोर्टल पर क्रय की प्रकिया में किसी असुविधा पर सहयोग हेतु इस मुख्यालय से श्री रामदूत सिंह, प्रोग्रामर ग्रेड–2, प्रभारी नाक सेण्टर, तकनीकी सेवायें, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सीयूजीनं0–7839858257 मो0नं0–9415983724 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।
- निर्धारित कम्प्यूटर को थाने पर सीसीटीएनएस कार्य में प्रमुख रूप से कोर एप्लीकेशन साफ्टवेयर **(CAS)** हेतु स्थापित/उपयोग किया जाय।
- क्रय किये गये कम्प्यूटर का जीआरपी थाना–वार आवंटन की सूची इस मुख्यालय को निम्न प्रारूप में उपलब्ध करायी जाय।

क्रमांक	जनपद का नाम	लोकेशन टाइप	लोकेशन नाम	प्रयोग कर्ता का नाम पद नाम पीएनओ	प्रयोग कर्ता का मो0नं0	उपकरण का प्रकार	मेक व माडल नम्बर	उपकरण का सिरियल नम्बर
सूचना भरे जाने का उदाहरण								
1	आगरा	पुलिस स्टेशन	सिकन्दरा	सुनील कुमार कम्प्यूटर आपरेटर/आरक्षी 983673916	XXXXXX777	कम्प्यूटर	Samsung scx-4728FD	Z6LB025

- नये आवंटित कम्प्यूटर जीआरपी थाना के जी0पी0 रजिस्टर में इसकी प्रविष्टि करते हुए राजपत्रित अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित भी कराया जाय।

- कम्प्यूटर जीआरपी थाना के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर स्थापित नहीं किया जाय, इस हेतु यह अपेक्षा की जाती है कि इसमें किसी स्तर पर स्थान परिवर्तन किये जाने में संशोधन न करें।
- प्रकिया को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाय।
- उक्त कय के उपरान्त भुगतानादेश, फर्म का बिल बाउचर मुहर सहित मूल 03 प्रतियों में, बैंक विवरण जैसे बैंक का नाम/पता, खाते के प्रकार, खाता संख्या, एकाउण्ट पेयी नेम, आई0एफ0एस0 कोड, स्वीफ्ट कोड इत्यादि, पैन/टैन/टिन/जीएसटी नंम्बर, स्टाक इन्ट्री सहित प्रपत्र इस मुख्यालय को सुरक्षित रूप से उपलब्ध कराये जाने हैं ताकि इनका भुगतान शीघ्र कराया जा सके।

<u>संलग्नक:उपरोक्तानुसार।</u>

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ

प्रतिलिपि:निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित है:—

1. प्रमुख सचिव, गृह, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो, ईस्ट ब्लाक—7, आर0के0 पुरम, नई दिल्ली—110066.
3. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4. पुलिस महानिदेशक, रेलवे, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5. अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।
6. पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
7. वित्त नियंत्रक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।
8. समस्त पुलिस महानिरीक्षक रेलवेज उत्तर प्रदेश।
9. समस्त पुलिस उप महानिरीक्षक, रेलवेज उत्तर प्रदेश।
10. श्री रामदूत सिंह, प्रोग्रामर ग्रेड—2, प्रभारी नाक सेण्टर, तकनीकी सेवायें, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को अग्रेतर कार्यवाही हेतु।
11. वेबसाइट को ई—मेल, साइट पर अपलोड किये जाने हेतु।